>

Title: Need to provide air connectivity to Muzaffarpur in Bihar with other parts of the country-laid.

कैप्टन जय नारायण प्रसाद निषाद (मुज़फ़्फ़रपुर): मेरा संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर बिहार प्रांत के अग्रणी जिलों में है। राजधानी पटना से लगभग 100 किलो मीटर की दूरी पर बसा यह शहर बिहार प्रांत की व्यावसायिक राजधानी है। यहां के लोग व्यवसाय आदि के क्रम में दिल्ली, मुम्बई, पटना जैसे बड़े शहरों में आते जाते रहते हैं। किन्तु दुर्भाग्यवश यहां के लोग हवाई यात्रा की सेवा से वंचित हैं। यहां के व्यवसायी एवं अन्य संभ्रान्त लोगों को हवाई यात्रा हेतु करीब चार घंटों की सड़क यात्रा के बाद पटना से उड़ने वाली सेवाओं पर ही निर्भर रहना पड़ता है। इस संबंध में विमानपत्तन के नवीनीकरण का प्रस्ताव भी केन्द्र में लंबित है।

आपके माध्यम से मेरी सरकार से मांग है कि मुजफ्फरपुर शहर को अन्य शहरों से हवाई सेवा से जोड़ने हेतु अविलंब आवश्यक कदम उठाये जायें।